भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †311

सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

विशेष उत्सव पर्यटन सर्किट का विकास

†311. श्री टी.एन. प्रथापन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का त्रिशूर पुरम उत्सव के विशेष संदर्भ में त्रिशूर के चारों ओर एक विशेष उत्सव पर्यटन सर्किट विकसित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने प्रसाद योजना के अंतर्गत गुरुवायूर मंदिर और मंदिर शहर के विकास के लिए पर्याप्त निधियां जारी की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र में स्नेहातीम तट, थालीकुलम और चावक्कड़ तट जैसे समुद्र तटों की पर्यटन संभावना की जानकारी है;

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा त्रिशूर में सहायता प्राप्त पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए जारी की गई और और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): त्रिशूर में एक विशेष उत्सव पर्यटन परिपथ के विकास हेतु कोई हस्तक्षेप स्वीकृत नहीं किया गया है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने, स्वदेश दर्शन योजना के तहत, 2015-16 से 2018-19 के दौरान इको परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ और ग्रामीण परिपथ के विकास के लिए केरल राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत केरल में 45.19 करोड़ रुपये की लागत से 'गुरुवायुर मंदिर, त्रिशूर का विकास' परियोजना स्वीकृत की है। परियोजना अब पूरी हो गई है और आम जनता के लिए सुविधाएं खोल दी गई हैं।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय देश के समुद्र तटों, उत्पादों, मेलों और महोत्सवों आदि सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन करने के लिए एक समग्र गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है।

मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना (डीपीपीएच) के अंतर्गत मेलों, महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए योजना

दिशा-निर्देशों के अनुपालन और निधियों की उपलब्धता की शर्त पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

(ङ): पर्यटन मंत्रालय की आयोजन हेतु सहायता योजना के अंतर्गत त्रिशूर के लिए जारी निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

कार्यक्रम का नाम	राशि (लाख रु. में)
फरवरी 2019 में **त्रिशूर** में आयोजित ग्लोबल योग फेस्ट- 2019	7.5
फरवरी 2020 में **त्रिशूर** में आयोजित ग्लोबल योग फेस्ट-2020	7.5
मार्च 2021 में **त्रिशूर** में आयोजित ग्लोबल योग फेस्ट-2021	10

****

अनुबंध

श्री टी.एन. प्रथापन: द्वारा विशेष उत्सव पर्यटन सर्किट का विकास के संबंध में दिनांक 05.02.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †311 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि	भौतिक स्थिति (%)	कार्यान्वयन एजेंसी
1	केरल	इको परिपथ 2015-16	पथानामथिट्टा-गवी-वागामोन-थेक्कडी का विकास	64.08	64.08	64.08	पूर्ण	पर्यटन विभाग, केरल सरकार
2	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास	47.74	28.67	34.61	95.00	पर्यटन विभाग, केरल सरकार
3	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ अर्नामुला का विकास	78.08	73.77	70.00	पूर्ण	केरल पर्यटन विकास निगम
4	केरल	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	30.98	36.53	54.60	केरल पर्यटन विकास निगम
5	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम-अरुवीपुरम-कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया-चेम्बजंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42	42.01	16.19	51.74	भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी)

****